DIGITAL - EPAPER

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 204 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - गुरुवार, 15 जनवरी ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## कोटा में बड़ी वारदात से पहले पुलिस का एक्शन

## अवैध हथियारों के साथ दो बदमाश दबोचे

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटा।**

**गर्वित ।** शहर में अपराध पर शिकंजा कसते हुए कोटा पुलिस ने बड़ी वारदात होने से पहले ही दो बदमाशों को अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार कर लिया। आर्म्स एक्ट के अलग-अलग मामलों में पकड़े गए इन आरोपियों के कब्जे से एक देसी कट्टा और दो चाकू बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपी आपराधिक प्रवृत्ति के हैं और किसी गंभीर घटना को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे थे। यह कार्रवाई भीमगंजमंडी थाना पुलिस ने अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की गई। इस संबंध में कोटा शहर की पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि शहर में अवैध गतिविधियों की





रोकथाम और वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए सघन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत थानाधिकारी रामकिशन गोदारा के नेतृत्व में दो अलग-अलग पुलिस टीमों का गठन किया गया। टीम A ने मुखबिर की सूचना पर टीआरडी डिपो के पास माला रोड क्षेत्र में घेराबंदी कर मोहम्मद अयान उर्फ लश्कर को पकड़ा। तलाशी के दौरान उसके पास से एक अवैध देसी कट्टा और एक धारदार चाकू बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं टीम B ने गश्त के दौरान देशराज चौराहा स्थित सुलभ कॉम्पलेक्स के सामने से सद्दाम हुसैन को गिरफ्तार किया। तलाशी में उसके पास से एक बटनदार चाकू बरामद हुआ। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपी पहले भी आपराधिक गतिविधियों में शामिल रहे हैं। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों की शिनाख्त परेड कराई और थानाधिकारी के नेतृत्व में उन्हें बाजार में पैदल घुमाया गया, ताकि अपराधियों में भय और आमजन में सुरक्षा का संदेश दिया जा सके। पुलिस अब आरोपियों से पूछताछ कर उनके आपराधिक नेटवर्क और संभावित वारदातों के बारे में जानकारी जुटा रही है।

## पतंग की मामूली बात बनी जानलेवा, भीलवाड़ा में दो गुटों की भिड़ंत में युवक की मौत, एक गंभीर घायल



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

शहर में बच्चों के बीच पतंग लूटने से शुरू हुआ मामूली विवाद कुछ ही देर में हिंसक झगड़े में बदल गया। मामला इतना बढ़ गया कि दो परिवार आमने-सामने आ गए और देखते ही देखते खूनी संघर्ष हो गया। इस झगड़े में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल है और अस्पताल में लोगों की भीड़ जुट गई है।

यह घटना बुधवार शाम शहर के कावा खेड़ा क्षेत्र की है, जो कोतवाली थाना क्षेत्र में आता है। सूचना मिलने पर कोतवाली थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और हालात को संभालते हुए जांच शुरू की। मृतक के शव को महात्मा गांधी हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवाया गया है।

जानकारी के अनुसार अख्तर और भोलू राम रेगर के बच्चों के बीच पतंग लूटने को लेकर कहासुनी हो गई थी। बच्चों का यह झगड़ा धीरे-धीरे बड़ों तक पहुंच गया और दोनों पक्षों के परिजन भी विवाद में शामिल हो गए। कुछ ही देर में बात हाथापाई तक पहुंच गई और दोनों गुटों ने एक-दूसरे पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया।

इस मारपीट में अख्तर अली पुत्र गफ्फार को गंभीर चोटें आईं, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दूसरे पक्ष से भोलू राम के सिर में गंभीर चोट लगने से वह घायल हो गया, जिसे तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली थाना पुलिस के साथ-साथ बड़ी संख्या में पुलिस जाप्ता मौके पर और अस्पताल पहुंचा। पुलिस ने क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त बल तैनात कर दिया है। युवक की मौत की खबर फैलते ही समाज के लोग बड़ी संख्या में अस्पताल पहुंचने लगे, जिससे माहौल और संवेदनशील हो गया।

इस संबंध में पुलिस ने बताया कि बुधवार दोपहर बाद पतंग को लेकर बच्चों में विवाद हुआ था, जो बाद में बड़ों के बीच झगड़े में बदल गया। बढ़ते विवाद के दौरान हुई मारपीट में अख्तर अली की मौत होने की पुष्टि हुई है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गहराई से जांच कर रही है।

## डकैती की फिराक में निकले 7 आरोपी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

जिले में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत करेड़ा थाना पुलिस ने अवैध हथियारों और स्कॉर्पियो वाहन के साथ डकैती की योजना बनाते हुए सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से दो अवैध पिस्टल, आठ जिंदा कारतूस तथा एक महिंद्रा स्कॉर्पियो जब्त की गई है।

पुलिस ने थानाधिकारी के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की थी। पुलिस ने बताया की 13 जनवरी को डीएसटी से मिली सूचना के आधार पर करेड़ा थाना क्षेत्र में नाकाबंदी की गई। इसी दौरान एक काले रंग की महिंद्रा स्कॉर्पियो को रुकवाया गया।



वाहन में सवार सभी व्यक्तियों की संदिग्ध गतिविधियों को देखते हुए तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान आरोपी प्रभु सिंह के पास से एक लोडेड पिस्टल मिली, जिसकी मैगजीन में तीन जिंदा कारतूस थे, वहीं उसकी जेब से एक अतिरिक्त कारतूस बरामद हुआ। इसी प्रकार आरोपी मोनू उर्फ राजेन्द्र वैष्णव के पास से भी एक लोडेड पिस्टल मिली, जिसमें चार जिंदा कारतूस भरे हुए थे। पूछताछ में किसी भी आरोपी के पास हथियार रखने या परिवहन का कोई लाइसेंस या परमिट नहीं पाया गया।

पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने पेट्रोल पंप पर लूटपाट करने की योजना बनाकर निकलना स्वीकार किया। इस पर पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर मामला दर्ज किया।गिरफ्तार आरोपियों में गोपाल गुर्जर, प्रभु सिंह उर्फ प्रभु चौहान और नारूलाल बंजारा हिस्ट्रीशीटर हैं। वहीं प्रभु सिंह चित्तौड़गढ़ जिले के सदर थाने में दर्ज लूट के एक मामले में पहले से ही वांछित चल रहा था । गिरफ्तार आरोपियों में शामिल अभिषेक सिंह को छोड़कर शेष सभी आरोपियों के खिलाफ विभिन्न थानों में गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं।

पुलिस का कहना है कि इस कार्रवाई से एक बड़ी वारदात को समय रहते टाल दिया गया है। आरोपियों से गहन पूछताछ जारी है तथा

## पुलिस की बड़ी कार्रवाई, अफीम डोडा मंगवाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया ।**

जिले में अवैध मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने अवैध रूप से अफीम डोडा चूरा मंगवाने वाले आरोपी दशरथ सिंह को मेड़ता, जिला नागौर से गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने बताया की जिले में मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में थानाधिकारी स्वागत पाण्डया के नेतृत्व में एक विशेष गठित टीम द्वारा कार्रवाई को अंजाम दिया गया ।

पुलिस ने बताया की एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज मामले में अवैध मादक पदार्थ अफीम डोडा चूरा मंगवाने वाले आरोपी की तलाश की जा रही थी। गठित टीम ने मेड़ता, जिला नागौर में दबिश देकर आरोपी दशरथ सिंह पुत्र परवत सिंह, जाति राजपूत, उम्र 32 वर्ष, निवासी भूणास, पुलिस थाना



मेड़ता रोड, जिला नागौर को गिरफ्तार कर लिया। इस प्रकरण में इससे पूर्व दो अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार किया जा चुका है। मामले में आगे अनुसंधान जारी है।

**पुलिस टीम में शामिल अधिकारी व कर्मचारी:**

थानाधिकारी स्वागत पाण्डया, हेड कांस्टेबल रामसिंह , कांस्टेबल शिवपाल , कांस्टेबल विश्राम जाट एवं कांस्टेबल हेमाराम, शामिल रहे ।

## मकर संक्रांति पर मानवता की मिसाल, बिजोलिया की भील बस्ती में बंटी सेवा की सौगात

### बिजोलिया प्रेस ट्रस्ट (रजि.) की पहल से जरूरतमंदों के बीच पहुंची सर्दी में राहत, तिल-लड्डूओं से बांटी पर्व की खुशियां





**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

**मूलचन्द पेसवानी**

जिले के बिजोलिया कस्बे में मकर संक्रांति के पावन अवसर पर प्रेस ट्रस्ट (रजि.) संस्था द्वारा सामाजिक सरोकार का परिचय देते हुए भील बस्ती में जरूरतमंदों को कंबल वितरण किया गया। ठंड के इस मौसम में आयोजित यह सेवा कार्यक्रम गरीब, बुजुर्ग और महिलाओं के लिए राहत लेकर आया, वहीं पर्व की आत्मा को जीवंत करता नजर आया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक गोपाल खंडेलवाल रहे, जबकि अध्यक्षता उपखण्ड अधिकारी अजीत सिंह राठौड़ ने की। अतिथियों ने विधिवत रूप से कंबल वितरण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस दौरान बुजुर्ग महिलाओं, छोटे बच्चों एवं जरूरतमंद महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर कंबल वितरित किए गए। साथ ही मकर संक्रांति की परंपरा को निभाते हुए तिल के लड्डुओं का भी वितरण किया गया, जिससे पर्व की खुशियां और आत्मीयता बढ़ी। मुख्य अतिथि विधायक गोपाल खंडेलवाल ने कहा कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सहायता पहुंचाना ही सच्ची सेवा है। उन्होंने प्रेस ट्रस्ट (रजि.) के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन सामाजिक समरसता को मजबूती देते हैं और जनप्रतिनिधियों को भी सेवा के लिए प्रेरित करते हैं।

अध्यक्षता कर रहे उपखण्ड अधिकारी अजीत सिंह राठौड़ ने कहा कि मकर संक्रांति जैसे पर्व सेवा, दान और सहयोग का संदेश देते हैं। जरूरतमंदों की मदद कर पर्व मनाना समाज में सकारात्मक सोच को जन्म देता है। उन्होंने प्रेस ट्रस्ट द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। प्रेस ट्रस्ट अध्यक्ष श्याम विजय ने कहा कि संस्था का उद्देश्य केवल समाचारों तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाना भी है। उन्होंने बताया कि आगे भी इस तरह के सेवा कार्य निरंतर किए जाएंगे। संरक्षक एवं प्रेस क्लब अध्यक्ष भंवर धाकड़ ने कहा कि पत्रकारिता के साथ सामाजिक दायित्वों का निर्वहन समय की मांग है।

कार्यक्रम में अधिशासी अधिकारी पंकज कुमार मंगल, नगर पालिका पैनल अधिवक्ता सुनील जोशी, भाजपा मंडल के पूर्व अध्यक्ष मनोज गोधा, देवनारायण मंदिर विवाह कमेटी के संरक्षक नेवालाल गुर्जर, बिट्ठल तिवारी, डॉ. संस्कार सोनी, नरेश धाकड़, प्रमेन्द्र विजयवर्गीय, रमेश गुर्जर, मानव तिवारी, कपिल विजय, महेंद्र गुर्जर सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

कंबल पाकर जरूरतमंदों के चेहरों पर संतोष और खुशी साफ झलक रही थी। कार्यक्रम के दौरान पूरे क्षेत्र में सेवा, सौहार्द और मानवीय संवेदना का वातावरण बना रहा। आयोजन का समापन सामाजिक एकता और सहयोग के संकल्प के साथ हुआ।

' भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959

Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

# काछोला में 16 जनवरी को चेतक पर सवार महाराणा प्रताप की प्रतिमा होगी स्थापित

**भीलवाड़ा फोकस @ काछोला ।**



कस्बे में ग्राम पंचायत द्वारा वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की चेतक पर सवार 12 फीट ऊंची प्रतिमा की स्थापना को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। जानकारी के अनुसार प्रतिमा स्थापना कार्यक्रम 16 जनवरी, शुक्रवार को भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा।

महाराणा प्रताप स्मारक संस्थान के संरक्षक वंश प्रदीप सिंह सोलंकी व राजेंद्र सिंह सोलंकी ने बताया कि प्रतिमा को गाजे-बाजे, वाहन रैली व पुष्पवर्षा के साथ काछोला बाईपास लक्ष्मणगढ़ चौराहे से बस स्टैंड तक लाया जाएगा। दोपहर सवा एक बजे बस स्टैंड पर विद्वान पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत स्थापना की जाएगी।

ग्राम पंचायत प्रशासक रामपाल बलाई ने बताया कि ग्राम पंचायत व स्मारक संस्थान के सहयोग से सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है।


तैयारियों में संस्थान संरक्षक वंश प्रदीप सिंह सोलंकी, सार्वजनिक धर्मशाला अध्यक्ष राजेंद्र सिंह (गुड्डू बन्ना), प्रशासक रामपाल बलाई, सरपंच प्रतिनिधि सत्यनारायण बलाई, पप्पू धाकड़, नारायण माली, मुकेश, प्रेमचंद धोबी, भगवान मंत्री सहित विभिन्न समाजों के प्रबुद्धजन जुटे हुए हैं।

# 62 वर्षीय लाला बना ने बंजर भूमि को बनाया हरा-भरा जंगल

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।**

**(पीरू मोहम्मद मंसूरी)**





जहां लोग पेड़ काटकर जमीन को बंजर बना रहे हैं, वहीं 62 वर्षीय पर्यावरण प्रेमी भगवत सिंह उर्फ लाला बना ने अपनी मेहनत और संकल्प से बंजर भूमि को हरे-भरे जंगल में बदल दिया। मांडलगढ़ उपखंड क्षेत्र की सुरास ग्राम पंचायत के नाहरगढ़ गांव के बाहर वर्षों से पड़ी करीब 50 बीघा बंजर भूमि आज हरियाली से आच्छादित हो चुकी है। वर्ष 2021 में लाला बना ने बनास नदी की बजरी लीज समाप्त होने के बाद उजड़ते चारागाह को संवारने का बीड़ा उठाया। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने फलदार, फूलदार व छायादार करीब 2500 पौधे लगाए और निजी टैंकर से पानी लाकर नियमित देखभाल की। लगातार परिश्रम का परिणाम यह रहा कि आज वहां पक्षियों की चहचहाहट लौट आई है और क्षेत्र का पर्यावरण संतुलन सुधरा है। इस वर्ष चारागाह को और विकसित करने के लिए बोरिंग, मोटर पंप व ड्रिप सिंचाई प्रणाली भी स्थापित की गई है। विधायक गोपाल खंडेलवाल, एसडीएम मनमोहन शर्मा, पुलिस उपाधीक्षक बाबूलाल विश्नोई सहित कई गणमान्य लोगों ने यहां पौधरोपण किया। पर्यावरण विशेषज्ञों ने इस पहल को प्रेरणादायी बताते हुए कहा कि मजबूत इच्छाशक्ति से एक व्यक्ति भी बड़ा बदलाव ला सकता है। यह प्रयास आने वाली पीढ़ियों के लिए एक मिसाल बन गया है।

# जिला अभिभाषक संस्था ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के साथ मनाई मकर संक्रांति

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**




जिला अभिभाषक संस्था द्वारा मकर संक्रांति का पर्व गांधी वाटिका में विविध खेल प्रतियोगिताओं के साथ उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन संस्था अध्यक्ष उम्मेद सिंह राठौड़ के नेतृत्व में किया गया। आयोजन में उपाध्यक्ष महिपाल सिंह राणावत, महासचिव पंकज दाधीच, रेवेन्यू महासचिव मनोहरलाल बुनकर, कोषाध्यक्ष रवि गोरानी, सहसचिव आदित्य सिंह चौहान, पुस्तकालय सचिव प्रताप तेली तथा आयोजन समिति के सदस्य पंकज पंचोली, संजय कुमार सेन, राजू डीडवानिया, मोहम्मद अली कायमखानी, अनुराग चतुर्वेदी, वंदना चोखड़ा, गजेंद्र सिंह कानावत व राजेश सामरिया उपस्थित रहे। प्रवक्ता पीरू सिंह गौड़ ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती माता की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुई। इस अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अभय जैन सहित हेमेंद्र शर्मा, राजेंद्र कचौलिया, राजेश शर्मा, श्याम सिंह चुण्डावत, रामेश्वर लाल विजयवर्गीय, भगवतीलाल मुंदड़ा, गणपत सिंह राणावत, विक्रम सिंह राठौड़, रघुनन्दन सिंह कानावत, रणवीर सिंह राणावत, भोपाल लाल गुर्जर, विष्णुदत्त शर्मा, गोपाल अजमेरा व अभय सिंह आंचलिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सर्वप्रथम क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित हुई, जिसमें 10 टीमों ने भाग लिया। दमदार 11 टीम विजेता रही, जिसके कप्तान अक्षत दाधीच रहे, जबकि कारगिल टीम उपविजेता रही, जिसके कप्तान अल्ताफ अहमद थे। महिला अधिवक्ताओं की क्रिकेट प्रतियोगिता में शक्ति टीम (कप्तान ललिता शर्मा) विजेता व शिव टीम (कप्तान बिनु टाक) उपविजेता रही। कैरम प्रतियोगिता में इमरान काज़ी विजेता तथा हेमंत दाधीच उपविजेता रहे। रस्साकशी प्रतियोगिता में कीर्ति सोलंकी की टीम विजेता व बिनु टाक की टीम उपविजेता रही। सितौलिया प्रतियोगिता में गंगा रजक टीम विजेता तथा वंदना चोखड़ा टीम (सुपर टीम) उपविजेता रही।

# हनी ट्रैप गिरोह पर शिकंजा: भीलवाड़ा पुलिस ने आरोपियों की सूची जारी की , आमजन से सतर्क रहने की अपील

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

जिला पुलिस ने हनी ट्रैप कर आम लोगों को फंसाकर ब्लैकमेल व रुपए ऐंठने वाली महिलाओं की सूची जारी की है। जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि जिले में कुछ आपराधिक प्रवृत्ति की महिलाएं भोले-भाले व्यक्तियों को अपने जाल में फंसाकर झूठे मुकदमों की धमकी देकर अवैध वसूली कर रही हैं। ऐसे मामलों में पुलिस कठोर कार्रवाई करेगी।

एसपी ने आमजन से अपील की है कि यदि कोई व्यक्ति हनी ट्रैप का शिकार हुआ हो तो बिना भय पुलिस से संपर्क करे। पीड़ित की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी और आरोपी महिलाओं व उनके सहयोगियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस के अनुसार, विभिन्न थानों में हनी ट्रैप से जुड़े कई प्रकरण दर्ज हैं, जिनमें आरोपियों के खिलाफ आईपीसी/बीएनएस की गंभीर धाराओं में मामले कायम होकर चालान पेश किए जा चुके हैं, जबकि कुछ प्रकरण जांचाधीन हैं। पुलिस ने स्पष्ट किया कि इस तरह के अपराधों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

भीलवाड़ा पुलिस ने नागरिकों से सतर्क रहने, संदिग्ध गतिविधियों से दूरी बनाए रखने और किसी भी प्रकार के ब्लैकमेल की स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचना देने की अपील की है।

# आजादनगर चाकूबाजी प्रकरण में त्वरित कार्रवाई, नामजद आरोपी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



प्रतापनगर थाना पुलिस ने आजादनगर में हुई चाकूबाजी की घटना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। द्य पुलिस ने थानाधिकारी राजपाल सिंह के नेतृत्व में टीम गठित की।

पुलिस ने बताया की 12 जनवरी को पीड़ित तनवीर आलम (30) निवासी आजादनगर ने एमजीएच भीलवाड़ा में बयान दिया कि मोबाइल छीने जाने को लेकर हुए विवाद में चीकू ढोली व सुनील ढोली सहित उनके परिजनों व साथियों ने लकड़ियों व चाकू से हमला किया, जिसमें पीड़ित आरिफ मोहम्मद व आदेश को गंभीर चोटें आईं। इस पर थाना पुलिस ने मामला दर्ज किया।

घटना की गंभीरता को देखते हुए टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर पूछताछ के बाद आरोपी सुनिल सिंह को गिरफ्तार किया। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

पुलिस द्वारा सुनिल सिंह पुत्र गजेन्द्र सिंह, उम्र 26 वर्ष, निवासी खिवंसर जिला नागौर, हाल किरायेदार आजादनगर, को हिरासत में लिया है । फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है ।

# बाइक चोरी गिरोह का पर्दाफाश : पांच आरोपी गिरफ्तार, आठ चोरी बाइक बरामद



**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।**

थाना पुलिस ने चोरी के एक गिरोह का खुलासा किया है। पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर विभिन्न स्थानों से चोरी की गई आठ बाइके बरामद की हैं। पुलिस ने कार्रवाई थानाधिकारी श्रद्धा पचौरी के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा की गई।

पुलिस ने बताया की 13 जनवरी की रात मुखबिर से सूचना मिली कि आमलीखेड़ा क्षेत्र में जंगल के पास कुछ संदिग्ध व्यक्ति चोरी की बाइको के साथ बैठे हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर सुरज बैरवा, विशाल प्रजापत, सुरज प्रकाश भील, महावीर गुर्जर एवं चैनाराम उर्फ पप्पू गुर्जर को गिरफ्तार किया। आरोपियों की निशानदेही पर जंगल में छुपाकर रखी गई आठ चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की गई।पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर अन्य चोरी की वारदातों के संबंध में अनुसंधान कर रही है।

# पूर्व कांग्रेस नगर अध्यक्ष की प्रथम पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित




**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

**मानव तिवाड़ी ।** कांग्रेस के पूर्व नगर अध्यक्ष स्वर्गीय अनिल कुमार शर्मा की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का बुधवार को आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के धार्मिक, सामाजिक एवं राजनीतिक संगठनों से जुड़े बड़ी संख्या में गणमान्य लोगों ने भाग लेकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। सभा में उपस्थित सभी लोगों ने स्वर्गीय शर्मा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की तथा उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा। इस अवसर पर पूर्व प्रधान गोपाल मालवीय, विभा माथुर, गोपाल शर्मा, अंकित तिवारी, सत्यनारायण शर्मा, चित्र प्रजापत, घनश्याम सोनी, मनोज गोधा, पंकज जैन, अनिल राव, विजय तिवारी, रणजीत सिंह कानावत, विशाल तिवारी, सत्तर फौजदार, मनोज टॉक, सुमित जोशी, राजेश धाकड़, मनीष टॉक, सतीश तंवर, तूफान यादव, संजय यादव, हरीश सोनी, महेंद्र कुमार शर्मा, मनीष राव, सुनील शर्मा, शेखर चंद्रावल, यशवंत पुंगलिया , अभि मेवाड़ा, परशुराम शर्मा, शेर सिंह चौहान, डॉ. दुर्गा शंकर मेहर सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। वक्ताओं ने स्वर्गीय अनिल कुमार शर्मा के सामाजिक योगदान और जनसेवा को याद करते हुए उन्हें एक कर्मठ व जनप्रिय व्यक्तित्व बताया।

# सीमेंट रोड निर्माण के बावजूद जाम की समस्या, स्थानीय लोगों ने जताई नाराजगी



**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

**(नरेश धाकड़)** नगर पालिका क्षेत्र में मेवाड़ा गेस्ट हाउस से विंध्यवासिनी शक्तिपीठ मंदिर तक सड़क चौड़ीकरण के तहत सीमेंट रोड का निर्माण कराया गया है। नगर पालिका के अनुसार इस कार्य पर लाखों रुपए खर्च किए गए हैं, ताकि वाहनों की आवाजाही सुगम हो सके। लेकिन निर्माण के बावजूद सड़क का अपेक्षित लाभ अभी नजर नहीं आ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जहां सड़क निर्माण पूरा हो चुका है, वहां दोनों ओर दोपहिया व चारपहिया वाहनों की कतारें लगी रहती हैं। दुकानों पर आने वाले ग्राहक वाहन कहीं भी खड़े कर देते हैं, जिससे सड़क संकरी हो जाती है। वहीं निर्माण के दौरान सड़क का करीब 10 फीट हिस्सा खाली छोड़ दिया गया है, जो पिछले करीब 10 दिनों से बंद पड़ा है। इसके अलावा बसों की आवाजाही अधिक होने से बार-बार यातायात जाम की स्थिति बन रही है। स्थानीय नागरिकों ने नगर पालिका से मांग की है कि सड़क निर्माण कार्य शीघ्र पूरा किया जाए तथा दोपहिया और चारपहिया वाहनों की पार्किंग की स्पष्ट व्यवस्था व सीमा तय की जाए, ताकि सड़क का सही उपयोग हो सके और यातायात सुचारु रहे।

# आयुर्वेद जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**




**(नरेश धाकड़)** विश्व आयुर्वेद परिषद चित्तौड़गढ़ प्रांत के तत्वावधान में विश्व मांगल्य दिवस एवं मकर संक्रांति के अवसर पर राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, आंट में आयुर्वेद जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन राजकीय आयुर्वेद औषधालय, आंट के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय नागर द्वारा किया गया।

डॉ. नागर ने विद्यार्थियों को आयुर्वेद को स्वस्थ जीवन की वैज्ञानिक पद्धति बताते हुए दिनचर्या, ऋतुचर्या, संतुलित आहार, योग व प्राणायाम के महत्व की जानकारी दी। मकर संक्रांति पर तिल, गुड़ व मौसमी आहार को स्वास्थ्य के लिए लाभकारी बताया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने आयुर्वेद अपनाने का संकल्प लिया।

# 15 हजार का इनामी आरोपी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ माण्डल ।**



थाना क्षेत्र में एनडीपीएस एक्ट के प्रकरण में फरार चल रहे 15 हजार रुपये के इनामी वांछित आरोपी को जिला स्पेशल टीम ने गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान महेश कुमार तेली (25) निवासी रानीखेड़ा, निम्बाहेड़ा चित्तौड़गढ़ के रूप में हुई है। पुलिस ने कार्रवाई थानाधिकारी रोहिताष यादव एवं डीएसटी टीम के नेतृत्व में की है ।

उल्लेखनीय है कि 7 अगस्त 2024 को माण्डल चौराया हाईवे पर नाकाबंदी के दौरान एक होंडा सिटी कार से 86.730 किलोग्राम डोडाचूरा बरामद किया गया था, जिसका एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज था। मामले में फरार आरोपी महेश कुमार को मुखबिर की सूचना पर उसके गांव रानीखेड़ा से गिरफ्तार किया गया।

# तहनाल में चतुर्थ क्लस्टर कार्यशाला संपन्न



**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**

**(किशन)** ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा की गुणवत्ता सुदृढ़ करने के उद्देश्य से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय तहनाल में चतुर्थ क्लस्टर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में पीईईओ तहनाल, बिलिया, बोरड़ा बावरियान एवं खामोर क्षेत्र के कक्षा 1 से 5 तक के हिंदी व पर्यावरण विषय के शिक्षकों ने भाग लिया। मुख्य संदर्भ व्यक्ति हनुमान प्रसाद शर्मा ने गतिविधि आधारित व रचनात्मक शिक्षण पद्धतियों पर जोर देते हुए हिंदी शिक्षण तथा पर्यावरण संरक्षण में शिक्षा की भूमिका पर प्रकाश डाला। एक दिवसीय कार्यशाला में 36 शिक्षकों ने पंजीकरण कर अपने अनुभव व नवाचार साझा किए। कार्यशाला में कल्याण कुमावत, प्रेमचंद रेगर, संजू पाराशर, रेखा गौड़, भगवान लाल गोस्वामी, नैनिका जैन, गोविंदा कुमारी, देवकिशन तेली, अमित सोनी, राकेश सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।



# धनोप दड़ा महोत्सव में दिखा परंपरा, आस्था और रोमांच का संगम

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

(किशन) फूलिया कलां उपखंड क्षेत्र के ग्राम धनोप में बुधवार को मकर संक्रांति के अवसर पर आयोजित धनोप दड़ा महोत्सव परंपरा और रोमांच का अद्भुत उदाहरण बना। रियासतकाल से चली आ रही इस अनोखी परंपरा में हजारों ग्रामीण व दर्शक शामिल हुए।

दोपहर 12 से 2 बजे तक दड़ी फेंक कार्यक्रम हुआ। इसके बाद नगाड़ों की गूंज के बीच धनोप गढ़ में करीब 7 किलो वजनी दड़े की पूजा ठाकुर सत्येंद्र सिंह राणावत व जेनेंद्र सिंह राणावत ने की। दड़ा पटेल महावीर गुर्जर द्वारा फेंका गया। बिना रेफरी और सीटी के खेले गए इस खेल में अनुशासन बना रहा।





इस बार दड़ा सुनारों के घर, कल्याण धणी मंदिर और बालाजी दिशा की ओर गया, जबकि अंत में गढ़ में ही समाप्त हुआ, जिससे ग्रामीण मान्यता अनुसार वर्ष को सामान्य माना गया। सुरक्षा के लिए फूलिया कलां थाना पुलिस तैनात रही। खेल के बाद खिलाड़ियों को गुड़ व गुड़-अफीम प्रसाद वितरित किया गया।

गौरतलब है की धनोप दड़ा महोत्सव आज भी ग्रामीण संस्कृति, अनुशासन और सामूहिक उत्साह का जीवंत प्रतीक बना हुआ है।

QUICK BITES

## मकर संक्रांति पर सेवा की मिसाल, जर्जर खेल-पो बनी जीवनरेखा

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।



मूलचन्द पेसवानी

मकर संक्रांति के अवसर पर फुलिया गेट स्थित खारे कुएँ के पास जर्जर पड़ी खेल-पो को श्रमदान से दुरुस्त कर मानवता और सामाजिक सद्भाव की मिसाल पेश की गई। पार्षद डॉ. मोहम्मद इसाक की पहल पर जीव दया सेवा समिति व समाजसेवियों ने बिना किसी औपचारिकता के सफाई व मरम्मत कार्य किया। स्थानीय कारीगर फारूक मोहम्मद देशवाली ने मरम्मत कार्य निशुल्क किया, जबकि मुंशी मोहम्मद मंसूरी व अन्य कार्यकर्ताओं ने सफाई संभाली। इस सेवा कार्य में पूर्व पार्षद रमेश व्यास, पूर्व कृषि अधिकारी नूर मोहम्मद, जीव दया सेवा समिति संयोजक अतू खा कायमखानी, लतीफ मोहम्मद देशवाली, अली शेर खा कायमखानी, राजा बाबू देशवाली सहित कई समाजसेवी शामिल रहे। मरम्मत के बाद खेल-पो चालू होने से पशु-पक्षियों को पानी मिला और कीचड़ से राहगीरों को राहत मिली। स्थानीय नागरिकों ने इस मानवीय पहल की सराहना करते हुए कहा कि सेवा और करुणा ही सच्चा उत्सव है।

## तीसरे दिन भी जारी रहा धरना, शिक्षक के तबादले को रद्द करने पर अड़े छात्र

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा -



मूलचन्द पेसवानी

भीलवाड़ा जिले के नंदराय कस्बे स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में भूगोल व्याख्याता शंकरलाल जाट के तबादले के विरोध में छात्र-छात्राओं का धरना तीसरे दिन भी जारी रहा। लगातार तीन दिन बीतने के बावजूद शिक्षा विभाग की ओर से कोई ठोस आश्वासन नहीं मिलने से छात्रों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

छात्रों ने चेतावनी दी कि यदि उनके प्रिय शिक्षक का तबादला निरस्त नहीं किया गया, तो वे सामूहिक रूप से टीसी कटवाने को मजबूर होंगे। बुधवार को आंदोलनरत छात्र विद्यालय के मुख्य द्वार पर टीसी के लिए प्रार्थना पत्र देने की तैयारी के साथ पहुंचे। इस दौरान कार्यवाहक प्रिंसिपल पूजा वर्मा व व्याख्याता रामप्रकाश तेली ने छात्रों से संवाद कर अभिभावकों को साथ लाने की बात कही। छात्रा यामिनी कुमारी तेली ने कहा कि शंकरलाल जाट ने केवल पढ़ाया ही नहीं, बल्कि बच्चों के भविष्य को दिशा दी है।

पिछले सात वर्षों से विद्यालय में सेवाएं दे रहे शिक्षक के समर्थन में छात्र ठंड की परवाह किए बिना डटे हुए हैं। छात्रों ने साफ किया कि तबादला निरस्त होने तक आंदोलन जारी रहेगा, जरूरत पड़ने पर वे कठोर कदम भी उठाएंगे।

## मकर संक्रांति पर एबीवीपी ने जरूरतमंदों को की खाद्य सामग्री वितरित



भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।

मकर संक्रांति के अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) इकाई आसींद द्वारा झुग्गी-झोपड़ी व नहर किनारे निवास करने वाले जरूरतमंद परिवारों को खाद्य सामग्री वितरित की गई। यह सेवा कार्य नगर सहमंत्री धनराज उर्फ सोनू सोनी के सहयोग से किया गया।

नगर सहमंत्री धनराज उर्फ सोनू सोनी ने बताया कि इस अवसर पर गायों को चारा तथा मछलियों को आटे की गोलियां भी खिलाई गईं। मीडिया संयोजक आयुष शर्मा ने कहा कि परिषद हर वर्ष सदस्यों के सहयोग से सामाजिक कार्य करती है। परिषद अध्यक्ष प्रभु लाल गुर्जर ने 'नर सेवा ही नारायण सेवा' की भावना से जरूरतमंदों की सहायता को परिषद का उद्देश्य बताया।

इस दौरान नगर सहमंत्री पायल चारण, राहुल साहू, गोविंद वैष्णव, दियाशु सेन, रवि सेन सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## खामोर में मकर संक्रांति पर 41 छात्राओं को मिली निःशुल्क साइकिल



साइकिल पाकर मुस्कुराती छात्राएं।

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।

**किशन।** राजस्थान सरकार की निःशुल्क साइकिल वितरण योजना के तहत मकर संक्रांति के अवसर पर खामोर स्थित राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय एवं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें बालिका विद्यालय की 37 तथा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की 4 छात्राओं को निःशुल्क साइकिलें वितरित की गईं।

समाजसेवी बलवंत सिंह राठौड़ ने बालिका शिक्षा को समाज की असली पूंजी बताते हुए सरकार की इस योजना को छात्राओं के लिए उपयोगी बताया। कार्यक्रम में दुर्गालाल हाड़ा, पूरण सिंह हाड़ा, बालू सिंह, हीरालाल, रघुनाथ चौपड़ा, वरिष्ठ अध्यापक रामदेव बैरवा, पीईईओ तनवीर जहां बागवान सहित दोनों विद्यालयों का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## आयुर्वेद जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।

**(नरेश धाकड़)** विश्व आयुर्वेद परिषद चित्तौड़गढ़ प्रांत के तत्वावधान में विश्व मांगल्य दिवस एवं मकर संक्रांति के अवसर पर राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, आंट में आयुर्वेद जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन राजकीय आयुर्वेद औषधालय, आंट के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय नागर द्वारा किया गया।




डॉ. नागर ने विद्यार्थियों को आयुर्वेद को स्वस्थ जीवन की वैज्ञानिक पद्धति बताते हुए दिनचर्या, ऋतुचर्या, संतुलित आहार, योग व प्राणायाम के महत्व की जानकारी दी। मकर संक्रांति पर तिल, गुड़ व मौसमी आहार को स्वास्थ्य के लिए लाभकारी बताया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने आयुर्वेद अपनाने का संकल्प लिया।

## मकर संक्रांति पर दिव्यांग बच्चों को फिजियो साइकिल भेंट

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

मकर संक्रांति के अवसर पर श्री राम पथ फाउंडेशन द्वारा सोना मनोविकास केंद्र में अध्ययनरत दिव्यांग बच्चों को फिजियोथैरेपी साइकिल भेंट की गई। इस सेवा से बच्चों के शारीरिक विकास व आत्मनिर्भरता में सहायता मिलेगी।

फाउंडेशन के सुरेश भूरा ने बताया कि फिजियो साइकिल से बच्चों की मांसपेशियों की मजबूती और गतिशीलता बढ़ेगी। मनीष बंब ने कहा कि संस्था भविष्य में भी शिक्षा, स्वास्थ्य व दिव्यांग कल्याण के कार्य जारी रखेगी।



कार्यक्रम में विनोद कुमार, रतन देसरडा, मितेश, नरेन्द्र, धर्मेश, अनिल, सिद्धार्थ, समर्पित, संजय, अभिषेक, दर्शन सहित संस्था सदस्य, केंद्र स्टाफ, अभिभावक व स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## 15 किलो सिंगल यूजर प्लास्टिक एवं चाईनीज माझां किया जब्त

भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद ।

नगरपालिका ने स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के अन्तर्गत विशेष अभियान चलाते हुए विभिन्न दूकानों से 15 किलो सिंगल यूजर प्लास्टिक की थैलियां व चाइनीस माझा जब्त की तथा दुकानदारों से सिंगल यूजर प्लास्टिक थैलियां व चाइनीज मांझा नहीं बेचने की समझाइश की।व्यापारियों से प्रतिबंधित सामग्री का विक्रय न करने की चेतावनी दी। अधिशाषी अधिकारी शाहरुख खान ने प्लास्टिक प्रदूषण रोकने मे आमजन को सहभागी बनने हेतु प्रेरित किया।कानून का पालन करते हुए मानवीय जीवन,पशु, पक्षियों तथा सार्वजनिक सम्पत्ति की सुरक्षा में सहयोग की अपील की।कहा कि कानूनी आदेश की अवहेलना करने पर



कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## राजकीय प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को स्वेटर वितरण किये



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

मकर संक्रांति के अवसर राजकीय प्राथमिक विद्यालय धूल खेड़ा एवं राजकीय प्राथमिक विद्यालय ओंकारपूरा के बच्चों को स्वेटर वितरित किए गए।

अध्यापिका प्रियंका शेखावत ने बताया कि शहीद भगत सिंह गौशाला के संरक्षक नारायण भदाला एवं दीपक पारीक द्वारा धूल खेड़ा एवं ओंकारपुरा ग्राम के स्कूल के बच्चों को सर्दी के बचाव के लिए स्वेटर वितरण किये।

अध्यापिका मैना गोधा, अध्यापक हरलाल सेन, राधेश्याम सुथार ने भामाशाह द्वारा 65 बच्चों को स्वेटर प्रदान करने के लिए धन्यवाद आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर ग्रामवासी कैलाश माली, भेरूलाल माली, किशन गाडरी आदि उपस्थित रहे ।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ
एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!
"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की
जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ | बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है।
क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?
तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।
संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com



# बनकाखेड़ा में आयुर्वेद जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर ।**

**(सांवर वैष्णव)।** विश्व आयुर्वेद परिषद भीलवाड़ा के तत्वावधान में विश्व मांगल्य दिवस एवं मकर संक्रांति के अवसर पर बनकाखेड़ा स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयुर्वेद जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन राजकीय आयुर्वेद औषधालय बनकाखेड़ा के आयुर्वेद चिकित्साधिकारी डॉ. मुकेश वैष्णव द्वारा किया गया।



डॉ. वैष्णव ने विद्यार्थियों को आयुर्वेद की उपयोगिता बताते हुए स्वस्थ जीवन जीने की वैज्ञानिक पद्धति से अवगत कराया ।

कार्यक्रम में बनकाखेड़ा ग्राम पंचायत के आयुष्मान आरोग्य ग्राम योजना में चयन की जानकारी दी गई, जिसके तहत विद्यार्थियों को आरोग्य मित्र व आरोग्य सखा बनाया जाएगा। मंच संचालन अध्यापक राजेंद्र कुमार मीणा ने किया। प्रिंसिपल बरदा लाल रेगर ने बच्चों से जानकारी को जीवन में अपनाने का आह्वान किया।

इस दौरान शिक्षक जोगेंद्र सिंह, राजेंद्र कुमार मीणा, दयाशंकर खोईवाल, दीपिका शर्मा, उर्मिला पारिक, हरिप्रकाश सुवालका, नारायण लाल जाट, शांता त्रिपाठी तथा योगा ट्रेनर शिव प्रकाश सुथार सहित अन्य उपस्थित रहे।

# हिंदू सम्मेलन को लेकर सवाईपुर में बैठक, 1 फरवरी को होगा आयोजन

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर ।**

**(सांवर वैष्णव)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर सवाईपुर मंडल में 1 फरवरी को प्रस्तावित हिंदू सम्मेलन की तैयारियों को लेकर मंगलवार रात बड़े चारभुजा नाथ मंदिर पर बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रांत कार्यवाह शंकर माली ने की।

प्रांत कार्यवाह माली ने कहा कि संगठित हिंदू समाज ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण करता है। अधर्म के नाश और समाज को संगठित शक्ति का बोध कराने के लिए एकजुटता आवश्यक है। बैठक में सवाईपुर, सोपुरा, सालरिया, ढ़ेलाणा, जित्यास व नोहरा क्षेत्रों से सनातनी समाज के बंधुओं ने भाग लिया।



सम्मेलन की रूपरेखा पर चर्चा कर विभिन्न समितियों का गठन किया गया। सर्वसम्मति से श्याम सुन्दर श्रोत्रिय को सम्मेलन अध्यक्ष तथा नवरतन शर्मा को संयोजक नियुक्त किया गया। सम्मेलन के तहत बड़े चारभुजा मंदिर से शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो रड़ा की माताजी में धर्मसभा के रूप में संपन्न होगी।

बैठक में बालूलाल सुवालका, बक्शु जाट, मथुरा लाल जाट, बद्री लाल जाट, अमरचंद गाड़री, जगदीश चंद्र श्रोत्रिय, लादू लाल जाट, गोपाल श्रोत्रिय, चांद सिंह, नंद सिंह दरोगा, ओमप्रकाश ओझा, दयाल सिंह, रामकुमार जाट, सुशील श्रोत्रिय, शंकर लाल जाट, गोविंद प्रजापत, लादू माली, गोपाल सैन, देबी सिंह दरोगा, निलाधर गाड़री, कालू माली, सांवरमल वैष्णव, भैरुलाल जाट सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ब्रह्माकुमारीज के भव्य नव निर्मित सेवा केंद्र का पूर्व मंत्री श्रीचंद कृपलानी ने किया उद्घाटन

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

शहर के आध्यात्मिक परिदृश्य में एक नया अध्याय जुड़ गया। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा हरणी महादेव रोड (ओड़ों का खेड़ा के सामने) नवनिर्मित भव्य सेवा केंद्र का उद्घाटन समारोह बुधवार, मकर संक्रांति के पावन अवसर पर हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्घाटन श्रीचंद कृपलानी विधायक एवं पूर्व



यूडीएच मंत्री के कर-कमलों द्वारा किया गया। समारोह में भीलवाड़ा के सांसद दामोदर अग्रवाल, विधायक अशोक कोठारी, पूर्व सांसद सुभाष बहेड़िया, नगर निगम महापौर राकेश पाठक, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा सहित कैलाश कृपलानी और रमेश सबनानी सहित कई वरिष्ठ जनप्रतिनिधि एवं प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे। इस विशेष अवसर पर संस्था की क्षेत्रीय संचालिका बीके इंदिरा दीदी, बीके तारा दीदी और बीके अमोलक भाई की गरिमामयी उपस्थिति रही। उद्घाटन समारोह में न केवल स्थानीय निवासी, बल्कि देश-विदेश से आए लगभग 1000 भाई-बहनों ने शिरकत की। दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक चले इस कार्यक्रम में राजयोग, मेडिटेशन सत्र और प्रेरणादायक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गई ।

# ढ़ेलाणा चारभुजानाथ की शोभायात्रा निकाली



**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर।**

**( सांवर वैष्णव ):-** क्षेत्र के ढ़ेलाणा गांव में बुधवार को गाजे-बाजे के साथ चारभुजानाथ की शोभायात्रा निकाली गई । भैरु लाल दगोलिया ने बताया कि बुधवार को मकर संक्रांति के मौके पर दोपहर 3:15 बजे चारभुजानाथ मंदिर से शोभायात्रा शुरू हुई, शोभायात्रा ढ़ोल नगाड़ा व डीजे के साथ रवाना हुई । जिसमें महिला पुरुष व युवक-युवतियां नाचती गाती चली । इस दौरान जगह-जगह पुष्प वर्षा कर चारभुजानाथ की शोभायात्रा का स्वागत किया गया । मकर संक्रांति के मौके पर भगवान चारभुजा नाथ का विशेष श्रृंगार भी



किया गया । इस दौरान रामेश्वर जाट, पुजारी भंवर दास वैष्णव, लालाराम जाट, रामलाल जाट, अम्बालाल जाट, प्रभु जाट, गोपाल जाट, लोकेश जाट, देवकिशन जाट, सोनू जाट, संजय जाट, अभिषेक जाट सहित कई लोग मौजूद रहे ।

# बाणमाता शक्तिपीठ पर हुआ कंबल वितरण



**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला**

**(रमेश चंद्र डाड)।** मकर संक्रांति के अवसर पर श्री बाणमाता शक्तिपीठ पर सेवानिवृत्त तहसीलदार भूपेंद्र सिंह द्वारा सेवा कार्य किया गया। इस दौरान उन्होंने पक्षाघात से पीड़ित रोगियों को कंबल वितरित किए। कंबल वितरण से जरूरतमंद रोगियों को सर्दी से राहत मिली। स्थानीय श्रद्धालुओं व उपस्थित लोगों ने इस मानवीय पहल की सराहना करते हुए भूपेंद्र सिंह के सेवा भाव की प्रशंसा की।

# महिला मंडल की अनूठी पहल, भगवान को चढ़ाई पतंग

**भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़।**

मकर संक्रांति के अवसर पर कस्बे में महिला मंडल द्वारा धार्मिक उल्लास के साथ आयोजन किया गया। महिलाओं ने मुरली मनोहर भगवान को माखन-मिश्री व तिल-गुड़ के लड्डुओं का प्रसाद अर्पित किया।

इसके बाद प्रतीक स्वरूप भगवान को पतंग चढ़ाई गई और सामूहिक रूप से पतंग उड़ाकर पर्व मनाया गया। पूजा-अर्चना के दौरान सुख-



समृद्धि की कामना की गई।

# पथिक प्रीमियर लीग का खिताब रिद्धि सिद्धि क्लब के नाम, फाइनल में बिजोलिया किंग्स को हराया




**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।**

**रमेश गुर्जर** पथिक प्रीमियर लीग टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला बुधवार रात रिद्धि सिद्धि रिसोर्ट क्लब और बिजोलिया किंग्स के बीच खेला गया, जिसमें शानदार प्रदर्शन करते हुए रिद्धि सिद्धि रिसोर्ट क्लब ने खिताब अपने नाम किया। फाइनल मैच में जीत दर्ज करने पर विजेता टीम रिद्धि सिद्धि रिसोर्ट को 51,000 रुपए की पुरस्कार राशि प्रदान की गई, जबकि उपविजेता टीम बिजोलिया किंग्स को 21,000 रुपए की राशि से सम्मानित किया गया। मुकाबले में बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करने वाले अमित विजय को मैन ऑफ द मैच चुना गया, वहीं पूरे टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए राहुल राठौर को मैन ऑफ द टूर्नामेंट और लक्की चौहान को टूर्नामेंट का बेस्ट बैट्समैन घोषित किया गया। फाइनल मुकाबले के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में हितेन्द्र राजोरा, नवरत्न धाकड़ , राजेश धाकड़ , राजू चित्तौड़ा, सोनू तंवर, जसवंत देवड़ा एवं जुगनू टाक उपस्थित रहे, जिन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए विजेता व उपविजेता टीमों को ट्रॉफी एवं पुरस्कार प्रदान किए।

# यूनेस्को ने मजदूर व गरीब परिवारों संग मनाई मकर संक्रांति



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

मकर संक्रांति के अवसर पर स्टेट फेडरेशन ऑफ यूनेस्को एसोसिएशन इन राजस्थान द्वारा ईरास स्थित देवछाया विहार कॉलोनी में गरीब व मजदूर परिवारों के साथ पर्व मनाया गया। स्टेट को-ऑर्डिनेटर गोपाल लाल माली के सानिध्य में यूनेस्को क्लब सदस्यों ने 50 मजदूरों व बच्चों को गजक व तिल के लड्डू वितरित किए, वहीं महिला मजदूरों को गर्म वस्त्र व कंबल भेंट किए गए। गोपाल लाल माली ने कहा कि यूनेस्को की प्राथमिकता पिछड़े व मजदूर वर्ग को मुख्यधारा में शामिल करना है। त्योहारों पर जरूरतमंदों के साथ खुशियां बांटना ही संस्था का उद्देश्य है।

इस अवसर पर जवाहर फाउंडेशन प्रभारी रजनीश वर्मा, जिला यूनेस्को अध्यक्ष ललित अग्रवाल, जया चौहान, मधु लोढ़ा, राजेश जीनगर, राजेश आचार्य, रामगोपाल आचार्य, वैभव जोशी, अनुराधा झा, मुकेश बुलिवाल सहित सदस्य व मजदूर परिवार उपस्थित रहे।

## QUICK BITES

### मकर संक्रांति पर श्याम सेवा समिति ने निभाई गौसेवा की परंपरा

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**



**मूलचन्द पेसवानी**

मकर संक्रांति के पावन पर्व पर श्याम सेवा समिति ने गौसेवा का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। समिति द्वारा पिछले 14 वर्षों से निरंतर इस पर्व पर गौमाताओं की सेवा की जा रही है, जो क्षेत्र में एक प्रेरणादायक परंपरा बन चुकी है।

इस वर्ष समिति की ओर से पाशुपतिनाथ गौशाला में 11 कट्टे पशुआहार व 5 कट्टे गुड़, नंदी गौशाला फुलिया गेट में 2 कट्टे गुड़ तथा शिवशक्ति गौशाला तहनाल में 5 कट्टे पशुआहार व 3 कट्टे गुड़ भेंट किए गए। इससे सर्दी के मौसम में गौमाताओं के भरण-पोषण में सहायता मिलेगी।

समिति सदस्यों ने बताया कि गौसेवा भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग है और भविष्य में भी सेवा कार्य निरंतर जारी रहेंगे। गौशालाओं के प्रबंधन ने इस सहयोग के लिए समिति का आभार व्यक्त किया।

### हरीश बनें अखिल भारतीय बलाई महासभा के जिलाध्यक्ष


**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



अखिल भारतीय बलाई महासभा (रजि.) द्वारा संगठनात्मक विस्तार करते हुए हरीश कुमार सालवी को भीलवाड़ा जिले का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति महासभा के राष्ट्रीय नेतृत्व की सहमति और संभागीय अनुशंसा के आधार पर की गई है। संगठन के राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व ने सालवी की नियुक्ति पर विश्वास व्यक्त किया है कि उनके संगठनात्मक अनुभव और सामाजिक सक्रियता से समाज में सकारात्मक सोच और समरसता बढ़ेगी।

### श्री मसानिया भैरुनाथ मंदिर का हुआ संक्रांति पर्व पर भव्य श्रृंगार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



मकर संक्रांति पर्व की शुरुआत शहर के पंचमुखी मोक्षधाम में स्थित प्राचीन श्री मसानिया भैरुनाथ मंदिर में भक्ति, उत्साह और पारंपरिक धूमधाम के साथ हुई। अध्यक्ष रवि कुमार सोलंकी ने बताया कि मंदिर प्रांगण को विशेष रूप से सजाया गया और मध्य रात्रि को भक्त मंडली व विशेष कारीगरों ने भव्य श्रृंगार किया। पर्व की खास बात यह रही कि गुजरात के नड़ियाद व सूरत से विशेष रूप से 1100 पतंगें मंगवाई गई, जिनके साथ भगवान भैरुनाथ का आशीर्वाद लेते हुए भक्त पूरे दिन पतंगबाजी का लुत्फ उठाएंगे। मंदिर परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है और पूजा, आरती और भजन-संकीर्तन के साथ पर्व की पवित्रता और आनन्द और भी बढ़ गया है। पुजारी संतोष कुमार खटीक ने बताया कि वर्षों पुरानी परंपरा के तहत भैरुनाथ मंदिर में संक्रांति पर्व को विशेष रूप से मनाया जाता है और हर साल भक्तों की संख्या बढ़ती जा रही है।

### चांदमल नायक चैरिटेबल ट्रस्ट की चार नई निशुल्क पाठशालाओं का शुभारंभ

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।**



श्री चांदमल नायक चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों के तहत संचालित पाठशालाओं की संख्या अब पांच हो गई है। मकर संक्रांति के अवसर पर ट्रस्ट की ओर से चार नई निशुल्क पाठशालाओं का शुभारंभ किया गया। ये पाठशालाएं कोतवाल का खेड़ा, वाल्मिकी कॉलोनी, नई आबादी एवं पुरानी आबादी क्षेत्रों में प्रारंभ की गई हैं। यहां कक्षा 1 से 5 तक के जरूरतमंद व गरीब बच्चों को निशुल्क शिक्षण सहायता दी जाएगी।

ट्रस्ट पदाधिकारियों ने बताया कि इन पाठशालाओं का उद्देश्य बच्चों के शैक्षणिक व मानसिक विकास को सशक्त बनाकर उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना है।

### लाल का खेड़ा में 70 विद्यार्थियों को नि:शुल्क स्वेटर वितरण

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय लाल का खेड़ा में स्वर्गीय पूर्व सरपंच मोहनलाल मीना की स्मृति में स्वेटर वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका मीरा मीना ने अपने पिता की स्मृति में करीब 70 छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क स्वेटर वितरित किए।

कार्यक्रम में पीईईओ बरोदा मोतीलाल मीना मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम में एसएमसी अध्यक्ष, विद्यालय स्टाफ, ग्रामीणजन व अभिभावक उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुदित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।